दिन–रविवार | दिनांक– 09 / 06 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी अब से थोड़ी देर बाद लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। मंत्रिपरिषद् का भी शपथग्रहण आज।

02. बिहार से भाजपा के गिरिराज सिंह और नित्यानन्द राय, जदयू के ललन सिंह और रामनाथ ठाकुर, लोजपा के चिराग पासवान और हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा प्रमुख जीतनराम मांझी केन्द्रीय मंत्रिमंडल में होंगे शामिल।

03. राष्ट्रीय मेडिकल स्नातक प्रवेश परीक्षा–नीट के पन्द्रह सौ से अधिक उम्मीदवारों को ग्रेस अंक दिए जाने की समीक्षा के लिए उच्चस्तरीय पैनल गठित।

04. और, राजधानी पटना समेत राज्य के अधिकांश भागों में भीषण लू से आम जन–जीवन प्रभावित। मौसम विभाग ने अगले पाँच दिनों तक प्रदेश के अधिकतर भागों में लू का अलर्ट जारी किया।

———————————————————————

मनोनीत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अब से थोड़ी देर बाद शाम सवा सात बजे लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रपति भवन में उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगी। राष्ट्रपति नये मंत्रिपरिषद् को भी पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगी। राष्ट्रपति भवन में शपथ ग्रहण समारोह की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उल्लेखनीय है कि अठारहवीं लोकसभा चुनाव में एनडीए को पूर्ण बहुमत प्राप्त हुआ है। श्री मोदी ने शुक्रवार को राष्ट्रपति से मुलाकात कर सरकार गठन का दावा पेश किया था। भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन –एनडीए के शिष्टमंडल ने राष्ट्रपति से मुलाकात कर श्री मोदी को भाजपा संसदीय दल का नेता चुने जाने संबंधी पत्र सौंपा था। एनडीए के घटक दलों के समर्थन–पत्र भी ऱाष्ट्रपति को सौंपे गए थे। शपथ–ग्रहण समारोह के लिए कई पड़ोसी देशों के नेताओं को आमंत्रित किया गया है।

———बाईट———

आज के शपथ–ग्रहण समारोह के लिए कई पड़ोसी देशों के नेताओं को आमंत्रित किया गया है। इनमें श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, मालदीव के राष्ट्रपति डॉ. मुहम्मद मुइज्जू, सेशेल्स के उप–राष्ट्रपति अहमद अफीफ, बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना, मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नौथ, नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल श्प्रचंडश और भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे शामिल हैं। मालदीव के राष्ट्रपति और मॉरीशस के प्रधानमंत्री पहल ही दिल्ली पहुंच चुके हैं। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री और सेशेल्स के उप–राष्ट्रपति कल इस सिलसिले में नई दिल्ली पहुंचे थे। समाचार कक्ष से जया भारती।

———————————————————————

नरेंद्र मोदी की नई सरकार में बिहार से कुछ सांसदों को मंत्री बनाया जा सकता है। इनमें भाजपा कोटे से गिरिराज सिंह और नित्यानंद राय प्रमुख हैं। वहीं, जदयू से ललन सिंह और रामनाथ ठाकुर को भी मंत्रिमंडल में शामिल होने के लिए शपथ ग्रहण का न्यौता मिला है। लोजपा राम विलास के अध्यक्ष चिराग पासवान और हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा प्रमुख जीतन राम मांझी भी केन्द्रीय मंत्रिमंडल का हिस्सा होंगे। बेगूसराय से सांसद गिरिराज सिंह ने कहा है कि विकसित राष्ट्र के निर्माण के लिए एनडीए के सभी दल मिलकर काम करेंगे।

———बाईट———

वहीं, जदयू के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद रामनाथ ठाकुर ने केन्द्रीय मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने के फैसले पर भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद दिया है।

———बाईट———

भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर के पुत्र रामनाथ ठाकुर को मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने के फैसले से समस्तीपुर जिले के कर्पूरी ग्राम में लोगों के बीच खुशी की लहर है। ग्रामीणों ने श्री ठाकुर को मंत्रिमंडल में शामिल करने पर भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी का आभार जताया है।

———बाईट———

इधर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि बिहार से जो भी मंत्री बनेंगे वो प्रधानमंत्री के साथ मिलकर विकसित भारत के संकल्प को पूरा करेंगे।

———बाईट———

———————————————————————————

मनोनीत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज शपथ—ग्रहण से पूर्व अपने दिल्ली आवास पर चाय पर चर्चा का आयोजन किया। इसमें भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अमित शाह, जगत प्रकाश नड्डा, डॉक्टर सुब्रमण्यम जयशंकर, निर्मला सीतारामन, नितिन गड़करी, धर्मेंद्र प्रधान, पीयूष गोयल, ज्योतिरादित्य सिंधिया और किरेन रिजिजू शामिल थे। लोक जनशक्ति पार्टी—रामविलास गुट के प्रमुख चिराग पासवान ने भी प्रधानमंत्री से उनके आवास पर मुलाक़ात की। मुलाकात के बाद संवाददाताओं से बातचीत में श्री पासवान ने कहा कि प्रधानमंत्री से देश के युवाओं को बहुत अपेक्षाएं हैं।

———बाईट———

————————————————————————————

प्रधानमंत्री पद के लिए मनोनीत नरेंद्र मोदी ने आज राष्ट्रपति भवन में आयोजित होने वाले अपने शपथ ग्रहण समारोह से पहले दिल्ली के राजघाट स्थित महात्मा गांधी के समाधि स्थल जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद श्री मोदी अटल स्मृति स्थल पहुंचे और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को पुष्पांजलि अर्पित की।

————————————————————————————

शपथ ग्रहण समारोह का आकाशवाणी सीधा प्रसारण करेगा। यह प्रसारण दिल्ली के एफएम गोल्ड, इंद्रप्रस्थ और आकाशवाणी लाइव न्यूज चैनल पर शाम पौने सात बजे से किया जायेगा। आकाशवाणी के यू–टयूब चैनल पर भी इसका सीधा प्रसारण होगा।

————————————————————————————

कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कहा है कि संसद में उनके दल की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। आज नई दिल्ली में कांग्रेस संसदीय दल की बैठक में उन्होंने कहा कि लोकसभा में तो कांग्रेस एक बड़ी पार्टी होगी ही, इंडिया गठबंधन के घटक दलों से इसे और अधिक मज़बूती भी मिलेगी। श्रीमती गांधी ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा और भारत जोड़ो न्याय यात्रा की पहल ऐतिहासिक थी जिनसे पार्टी हर स्तर पर मजबूत हुई।

————————————————————————————

शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय मेडिकल स्नातक प्रवेश परीक्षा–नीट के पन्द्रह सौ से अधिक उम्मीदवारों को ग्रेस अंक दिए जाने की समीक्षा के लिए एक पैनल गठित किया है। यह परीक्षा पांच मई को आयोजित की गई थी और इसके परिणाम इस महीने की चार तारीख को घोषित किए गए थे। एनटीए के महानिदेशक सुबोध कुमार सिंह ने बताया कि यह मुद्दा नीट परीक्षा के चार हजार सात सौ पचास केंद्रों में से उन छह केंद्रों और एक हजार छह सौ परीक्षार्थियों से संबंधित है जिनका समय गलत प्रश्नपत्र वितरित करने के कारण नष्ट हो गया था। उन्होंने कहा कि एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया गया है जो इन परीक्षार्थियों को दिए गए ग्रेस अंकों की समीक्षा करेगी।

———————————————————————————————————

राजधानी पटना समेत राज्य के अधिकतर भागों में भीषण लू की स्थिति बनी हुई है। सुबह से ही लोगों को उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। राज्य के दक्षिण–पश्चिम और दक्षिण–मध्य भागों के अधिकतर स्थानों पर पारा बयालीस डिग्री से ऊपर दर्ज किया गया है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक एस. के. पटेल ने बताया है कि अगले अड़तालीस घंटों के दौरान बांका, नालंदा और शेखपुरा सहित कई जिलों में भीषण लू की स्थिति बनी रहेगी। वहीं, राजधानी पटना, गया और नालंदा जिलों के कुछ स्थानों पर रात में भी मौसम के गर्म रहने की सम्भावना है। विभाग के अनुसार अगले पाँच दिनों तक राज्य के मौसम में किसी विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है।

———बाईट———

———————————————————————————————————

बिहार के विभिन्न पैक्स और को– ऑपरेटिव बैंकों की एक महत्वपूर्ण कार्यशाला कल गया जिले के बोधगया स्थित महाबोधि सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित होगी। इसका उद्घाटन सहकारिता मंत्री डॉक्टर प्रेम कुमार करेंगे। कार्यशाला में सोलह सौ पैक्स अध्यक्ष और प्रबंधक भाग लेंगे।

———————————————————————————————————

01. भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी अब से थोड़ी देर बाद लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। मंत्रिपरिषद् का भी शपथग्रहण आज।

02. बिहार से भाजपा के गिरिराज सिंह और नित्यानन्द राय, जदयू के ललन सिंह और रामनाथ ठाकुर, लोजपा के चिराग पासवान और हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा प्रमुख जीतनराम मांझी केन्द्रीय मंत्रिमंडल में होंगे शामिल।

03. राष्ट्रीय मेडिकल स्नातक प्रवेश परीक्षा–नीट के पन्द्रह सौ से अधिक उम्मीदवारों को ग्रेस अंक दिए जाने की समीक्षा के लिए उच्चस्तरीय पैनल गठित।

04. और, राजधानी पटना समेत राज्य के अधिकांश भागों में भीषण लू से आम जन–जीवन प्रभावित। मौसम विभाग ने अगले पाँच दिनों तक प्रदेश के अधिकतर भागों में लू का अलर्ट जारी किया।

———————————————————————————————————

समाप्त